## सुविचार



चरित्र वृक्ष के समान है तो प्रतिष्ठा उसकी छाया है। हम अक्सर छाया के बारे में सोचते हैं, जबकि असल चीज तो वृक्ष ही है।

-अब्राहम लिंकन

## बरेली के प्रमुख समाचार


- महाराणा प्रताप के आदर्शों को अपनाने का आह्वान-III
- मां का स्नेह और त्याग अतुलनीय है : डॉ. लता-IV


## सिटी ब्रीफ

### जिले में 1455 बेटियों के हाथ पीले करने का लक्ष्य निर्धारित

**बरेली, अमृत विचार :** शासन ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए ''मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना'' के तहत जिले के लिए नया लक्ष्य जारी कर दिया है। इस वर्ष जिले की 1455 निर्धन बेटियों का घर बसाने का जिम्मा समाज कल्याण विभाग को सौंपा गया है। जिले के सभी ब्लॉकों और नगर निकायों को उनकी जनसंख्या और मांग के अनुसार ब्लॉकवार लक्ष्य आवंटित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जिला समाज कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर ने बताया कि इस पहल से न केवल गरीब परिवारों को आर्थिक संबल मिलेगा, बल्कि सामाजिक समरसता को भी बढ़ावा मिलेगा। शासन जल्द भव्य सामूहिक विवाह कार्यक्रमों की तिथियां घोषित करेगा।

### कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर अंतराष्ट्रीय सम्मेलन आज होगा

**बरेली, अमृत विचार :** कृत्रिम बुद्धिमत्ता एचं बौद्धिक संपदा भारत विषय पर डायनमिक एजूकेशनल रिसर्च सोसाइटी की ओर से अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन रविवार को सुबह साढ़े 10 बजे से सिविल लाइंस स्थित रोटरी भवन में किया जाएगा। कार्यक्रम में देश विदेश के शिक्षाविद, शोधकर्ता, प्रोफसर और स्टूटेंड शामिल होंगे। सोसाइटी के निदेशक डॉ. संजय पाल ने बताया कि सम्मेलन का उद्देश्य भारतीय ज्ञान परंपराओं के संरक्षण और वैश्विक विकास में उनकी भूमिका पर विचार-विमर्श है।

## शहर में आज

- रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज में दो दिवसीय फैकल्टी नाइट वॉलीबॉल टूर्नामेंट का समापन शाम रात 8:30 बजे।
- पीजीटी परीक्षा बरेली कालेज में सुबह 9:30 से 11:30 व दोपहर में 2:30 से 4:30 बजे।
- भारतीय मजदूर संघ की ओर से जिला सम्मेलन एवं संगोष्ठी रुहेलखंड विश्वविद्यालय के प्रबंधन सभागार में सुबह 10 बजे।
- एसआरएमएस रिद्धिमा में गजल कार्यक्रम शाम 5:15 बजे।

# मुश्किल : धर्मस्थलों ने रोकी बरेली-मथुरा फोरलेन की रफ्तार, अटका काम




कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** विकास और विस्तार की राह में धर्म के अवरोध खड़े होने से बरेली-मथुरा फोरलेन प्रोजेक्ट जगह-जगह अटका नजर आ रहा है। नाथनगरी से बिनावर तक एनएचएआई को आठ प्वाइंट पर चौड़ीकरण का काम इसलिए रुकवाना पड़ा है, क्योंकि राह में धर्मस्थल आ रहे हैं और लाख कोशिश के बाद भी शिफ्टिंग नहीं हो पा रही है। गंगा एक्सप्रेस वे से कनेक्टिविटी बरेली की कनेक्टिविटी का यही एक रास्ता है और इसकी हालत चौड़ीकरण की वजह से बहुत खराब है। विवाद और विरोध की शंका-आशंकाओं के बीच संवेदनशील धार्मिक स्थान कब शिफ्ट होंगे और कब चौड़ीकरण प्रोजेक्ट रफ्तार पकड़ेगा, इसका जवाब किसी के पास नही है।

बरेली से बिनावार मार्ग पर मकरंदपुर, चाढ़पुर, सिरोही और रसूलपुर जैसे इलाकों में ये धार्मिक स्थल सीधे तौर पर चौड़ीकरण की जद में हैं। इनके आड़े आने की वजह से मुख्य सड़क का निर्माण रुक गया है, जबकि अन्य हिस्सों पर काम धीमे ही सही मगर चल जरूर रहा है। निर्माण एजेंसी से जुड़े कर्मचारियों का कहना है कि जब तक रास्ते में आ रहे धर्मस्थलों का समाधान नहीं होता, तब तक फोरलेन चौड़ीकरण का लक्ष्य पूरा करना संभव नहीं है। धर्मस्थलों का मामला जनभावनाओं से जुड़ा है, इसलिए एनएचएआई फूंक-फूंक कर कदम रख रहा है। बीच सड़क पर खड़े ये ढांचे न केवल निर्माण में बाधक हैं, बल्कि वाहन चालकों के लिए दुर्घटना का सबब भी बन सकते हैं।



बरेली-बदायूं रोड पर रास्ते में धर्मस्थल। • अमृत विचार




बिनावर रोड पर ही एक अन्य धार्मिक स्थल। • अमृत विचार

इन अवरोधों के कारण निर्माण की समय सीमा और लागत दोनों बढ़ने की आशंका गहरा गई है। हालात देखते हुए बिल्कुल नहीं लग रहा कि बरेली-बदायूं रोड का चौड़ीकरण तय समय 2027 तक पूरा हो सकेगा। इस बारे में एनएचएआई बदायूं डिवीजन के परियोजना निदेशक उत्कर्ष शुक्ला का कहना है कि स्थानीय प्रशासन के साथ निरंतर संवाद चल रहा है। प्राधिकरण इन धार्मिक स्थानों की शिफ्टिंग या अन्य विकल्पों पर विचार कर रहा है। प्रयास है कि विकास और जन-आस्था के बीच संतुलन बना रहे। हालांकि, जानकारों का कहना है कि जब तक इन आठ धर्मस्थलों के विस्थापन पर कोई ठोस सहमति नहीं बनती, तब तक बरेली-बदायूं फोरलेन पर फर्राटा फरते हुए गंगा एक्सप्रेस वे पर जाने की बात भूल ही जाइए।

## दर्द अपने-अपने



बरेली से बदायूं जाते समय बीच में रसूलपुर के पास सड़क काफी संकरी है, क्योंकि बीच में धार्मिक स्थल है। रात में वापसी लौटते समय तो यहां का नजारा और भी डरावना होता है। मुझे लगता है कि आस्था का सम्मान करते हुए प्रशासन से वार्ता कर मंदिरों को सड़क किनारे शिफ्ट कर देना चाहिए। **- आरिफ मोहम्मद**, बदायूं



बदायूं रोड से निकलना अब किसी चुनौती से कम नहीं है। सड़क चौड़ीकरण करने के लिए जगह-जगह खुदाई हो गई है। कई जगह बीच में मंदिर आने की वजह से काम अटक गया है। प्रशासन को जल्द ही इन धर्मस्थलों के विस्थापन पर कोई फैसला लेना चाहिए ताकि परियोजना पर कोई असर न पड़े। **-कुलदीप**, बिनावर



हमें तो सबसे ज्यादा डर दुर्घटनाओं का लगता है। कहीं सड़क एकदम चौड़ी है और अचानक सामने मंदिर आ जाता है, जिससे रास्ता संकरा हो जाता है। रात के समय ये ब्लैक स्पॉट्स बहुत खतरनाक होते हैं। अगर हाईवे बनाना है, तो रास्ता पूरी तरह साफ होना चाहिए वरना फोरलेन का कोई मतलब नहीं रह जाएगा। **-पप्पू**, देवचरा



हमें तो समय की चिंता है। बरेली से बिनावार जाने में अब दोगुना समय लगता है। कहीं सड़क चौड़ी है तो कहीं एकदम संकरी। इनकी वजह से गाड़ियों का संतुलन बिगड़ता है। अगर काम ऐसे ही कछुआ चाल से चलेगा, तो लागत भी बढ़ेगी और दुर्घटनाएं भी। सरकार को जल्दी फैसला लेकर रास्ता साफ करना चाहिए। **-राज वर्मा**, भमोरा

# शोभायात्रा का रास्ता रोका, तनातनी के बाद सुलह

## महाराणा प्रताप जयंती पर निकाले जा रहे जुलूस के विरोध में अड़े दूसरे पक्ष के लोग, पुलिस ने कराया समझोता

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **अफसर बोले, पुलिस ने मौके पर विवाद नहीं होने दिया**
- **मोहनपुर ठाकुरान में बातचीत के बाद निकला जुलूस**

**अमृत विचार :** थाना सुभाषनगर क्षेत्र के गांव महेशपुर ठकुरान गांव में महाराणा प्रताप जयंती पर निकाली जा रही शोभायात्रा से पहले रास्ते को लेकर विवाद की स्थिति बन गई। दूसरे के पक्ष की महिलाएं पहले से ही इसके विरोध में अड़ गईं। मौके पर मौजूद पुलिस ने समझा-बुझाकर माहौल गरमाने से बचाया। बाद में दोनों पक्षों के बीच थाने में सुलह होने के बाद शोभायात्रा शांतिपूर्वक निकाली गई। अफसरों ने गांव में अब किसी तरह के विवाद से इंकार किया है।

महेशपुर ठाकुरान गांव में महाराणा प्रताप जयंती का जुलूस शनिवार को शाम के समय निकाला जाना था मगर दूसरे पक्ष के लोगों ने सुबह से ही विरोध का ऐलान कर दिया। बड़ी संख्या में महिलाएं और पुरुष सड़क पर जमा हो गए और शोभायात्रा को उस रास्ते से नहीं जाने देने की बात कहने लगे। पुलिस की निगरानी गांव में पहले से थी। विरोध कर रहे लोगों का कहना था कि शोभायात्रा निकाल रहे पक्ष ने पूर्व में अंबेडकर जयंती पर निकाले गए जुलूस को अपनी ओर के रास्ते से नहीं निकलने दिया था। ऐसे में वे लोग भी अब अपने रास्ते से शोभायात्रा आगे नहीं जाने देंगे। तनातनी का पता होते ही इंस्पेक्टर सुभाषनगर सुभाष नैन फोर्स के साथ गांव पहुंच गए और लोगों से बातचीत की। कुछ लोगों ने तेवर दिखाने की कोशिश की तो थाना प्रभारी ने सख्ती दिखाकर शांत किया। इस वीडियो भी वायरल हुआ है। शोभायात्रा की तैयारी के बीच दोनों पक्ष सुभाषनगर थाने पहुंच गए, जहां लंबी बातचीत हुई। सीओ और एसीएम की मौजूदगी में देर तक वार्ता जारी रही। इस दौरान आपस में बहस के हालात भी बने मगर दोनों ओर के गणमान्य लोगों ने समझदार का परिचय देते हुए मामला शांत कर दिया। इंस्पेक्टर ने बताया कि दोनों पक्षों बातचीत के बाद अपने-अपने जुलूस अलग रास्ते से निकालने पर सहमत हो गए। जिसके बाद मामला निपट गया है। इसके बाद शाम को धूमधाम से महाराणा प्रताप जयंती पर शोभायात्रा निकाल गई। सुरक्षा कारणों से पुलिस गांव में मुस्तैद रही।



थाने में अफसरों की मौजूदगी में दोनों पक्षों के बीच हुई बातचीत। • अमृत विचार



शोभायात्रा का विरोध करतीं महिलाएं। • अमृत विचार

> महेशपुरा ठाकुरान गांव में रास्ते को लेकर गांव के दो पक्षों में जुलूस निकालने को लेकर मतभेद था। पुलिस ने दोनों पक्षों से बातचीत कर मतभेद निपटा दिया है। शाम पांच बजे जुलूस निकाला गया और सात बजे शांतिपूर्वक सम्पन्न हो गया। कहीं किसी तरह का कोई विवाद नहीं है।
>
> **-मानुष पारीक**, एसपी सिटी

# डीएम का एक्शन शिकायतों पर ड्राइवर-अर्दली हटाए

- **दोनों कर्मचारियों को अन्य स्थानों पर संबद्ध किया, सख्त रुख**

**बरेली, अमृत विचार :** प्रशासनिक व्यवस्था में अनुशासन और जवाबदेही को लेकर जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने सख्त संदेश दिया है। सरकारी कर्मचारियों के खिलाफ मिली शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए डीएम ने अपने ड्राइवर सतनाम और अर्दली धीरज को तत्काल प्रभाव से हटा दिया। दोनों कर्मचारियों को मौजूदा तैनाती से मुक्त कर अन्य स्थानों पर संबद्ध कर दिया गया है। बताया गया है कि दोनों कर्मचारियों के व्यवहार को लेकर शिकायतें मिल रही थीं। जिसके बाद जिलाधिकारी ने हटा दिया गया है। डीएम के इस एक्शन से कलेक्ट्रेट और संबंधित विभागों में हलचल नजर आ रही है। जिलाधिकारी के सख्त रुख का असर सभी जगह देखा जा रहा है।

# पुलिस-एफएसडीए के पाले में संदिग्ध ऑयल का मसला



छापेमारी में गोदाम के अदंर मिला तेल। (फाइल फोटो)

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **अडानी समूह के लीगल सेल ने की थी शिकायत**
- **एफएसडीए ने गोदाम में मिला तेल सीज किया**

**अमृत विचार :** नरियावल के गोदाम में हुई छापेमारी में भारी मात्रा में तेल पकड़े जाने के बाद कार्रवाई का मामला दो विभागों के पास पहुंच गया है। एक ओर जहां पुलिस को कापी राइट उल्लंघन को लेकर थाना बिथरी में तहरीर दी गई, वहीं एफएसडीए ने सैंपलिंग के सात तेल का स्टॉक सीज कर दिया है। जांच के बाद गोदाम मालिक पर शिकंजा कसा जा सकता है।

पुलिस के अनुसार, अडानी ग्रुप के लीगल सेल की ओर से शिकायत की गई थी थी कि बरेली के नरियावल क्षेत्र में फॉर्च्यून ब्रांड से मिलती-जुलती पैकिंग में रिफाइंड तेल तैयार कर बाजार में उतारा जा रहा है। पैकिंग और डिजाइन इतने मिलते-जुलते हैं कि ग्राहक भ्रमित हो रहे हैं। आईपी इन्वेस्टीगेशन यूनिट के साथ एसडीएम सदर प्रमोद कुमार, पुलिस और फूड सेफ्टी विभाग की टीम इसके बाद संयुक्त कार्रवाई करते हुए गोदाम पर शुक्रवार शाम छापेमारी की थी। वहां के हालात देखकर अफसर सकते में आ गए थे।

गोदाम के अंदर से 12-12 लीटर वाले 171 टिन बरामद हुए थे। प्राथमिक जांच में पता लगा कि गोदाम संचालित करने वाली फर्म अडानी ग्रुप के नामी ब्रांड फॉर्च्यून जैसी पैकिंग तैयार कर राजहंस, फंक्शन और फार्मूला नाम से तेल की पैकेजिंग कर रही थी। सुगंध जैसे अन्य नामों के रैपर भी मिले थे। दो टैंकर भी वहां पाए गए। टीम मौके से मिले तेल के सैंपल लिए और समूचा स्टाक सीज कर दिया था। एसडीएम ने प्रेस को बताया कि लैब की रिपोर्ट आने के बाद स्पष्ट होगा कि तेल नकली है या मानकों के विपरीत तैयार किया गया है। जांच में मिलावटी या फर्जी ब्रांडिंग के आरोप सही पाए गए तो संबंधित फर्म के खिलाफ फूड सेफ्टी एक्ट व अन्य धाराओं में एक्शन होगा। एफएसडीए की टीम ने फिलहाल तेल के नमूनू लेकर उसे सीज कर दिया है। कंपनी की ओर से कॉपीराइट उल्लंघन के आरोप में बिथरी थाने में तहरीर दी गई है, जिसकी जांच में पुलिस जुटी है।

# जनसुनवाई में बरेली चमका, प्रदेश में छठे स्थान पर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी अविनाश सिंह के नेतृत्व में प्रशासन ने जनसुनवाई में बड़ी उपलब्धि हासिल की है। अप्रैल की प्रदेश स्तरीय रैंकिंग में बरेली ने लंबी छलांग लगाते हुए छठा स्थान प्राप्त किया है। मार्च माह में जनपद दसवें स्थान पर था।

जनशिकायतों के त्वरित, गुणवत्तापूर्ण और पारदर्शी निस्तारण को लेकर जिला प्रशासन लगातार सक्रिय रहा, जिसका सकारात्मक परिणाम अब प्रदेश स्तर की रैंकिंग में दिखाई दिया है। खास बात यह रही कि तहसील स्तर पर भी बरेली ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रदेश में अपनी अलग पहचान बनाई। तहसील बहेड़ी, सदर, फरीदपुर और मीरगंज ने जनसुनवाई और शिकायतों के समयबद्ध समाधान में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल किया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों के निस्तारण में गुणवत्ता, जवाबदेही और पारदर्शिता हर हाल में सुनिश्चित की जाए।



### स्वगणना में दूसरे स्थान पर पहुंचा जिला

**बरेली, अमृत विचार :** जनगणना-2027 के अंतर्गत चल रहे स्वगणना अभियान में बरेली ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रदेश में दूसरा स्थान हासिल किया है। तीसरे दिन जिले में करीब 30 हजार लोगों ने स्वगणना कराकर प्रशासनिक प्रयासों को मजबूती दी। अभियान को सफल बनाने के लिए जिले में करीब 12 हजार कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। प्रत्येक कर्मचारी को प्रतिदिन 20 घरों का लक्ष्य दिया गया है। गांव से लेकर शहर तक लोगों को स्वगणना के प्रति जागरूक किया जा रहा है। प्रशासन जागरूकता अभियान चला रहा है। अधिकारियों का कहना है कि लोगों का सहयोग लगातार बढ़ रहा है और आने वाले दिनों में बरेली प्रदेश में पहला स्थान हासिल कर सकता है। प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि सही जानकारी देकर जनगणना कार्य में सहयोग करें। अधिकारियों ने कहा कि जनगणना केवल सरकारी प्रक्रिया नहीं, बल्कि देश की विकास योजनाओं की मजबूत नींव है।

### डिजिटल जनगणना में लोक निर्माण विभाग ने मारी बाजी

**बरेली, अमृत विचार :** जनगणना महाअभियान में लोक निर्माण विभाग ने जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। विभाग ने निर्धारित समय-सीमा से पहले ही पोर्टल पर शत-प्रतिशत डेटा अपलोड कर अन्य सरकारी महकमों के सामने अनुशासन और टीम वर्क की एक नई मिसाल पेश की है। विभाग की इस उपलब्धि को अन्य सरकारी विभागों के लिए प्रेरणादायी माना जा रहा है। इसके पीछे पीडब्ल्यूडी प्रांतीय खंड के अधिशासी अभियंता भगत सिंह की रणनीति और मॉनिटरिंग रही। डीएम अविनाश सिंह के निर्देशों का पालन करते हुए विभाग ने इस अभियान को ''मिशन मोड'' में लिया। अभियान के दौरान पीडब्ल्यूडी कार्यालय में केवल काम का दबाव नहीं, बल्कि एक सकारात्मक टीम भावना देखी गई। भगत सिंह का कहना है कि कर्मचारियों ने इस कार्य को महज एक विभागीय औपचारिकता न मानकर राष्ट्रहित से जुड़ा महत्वपूर्ण उत्तरदायित्व समझा। यही वजह है जिले में हमारा विभाग नंबर वन रहा है।

# चौथे चरण में 97.63 करोड़ से चार सड़कों का होगा कायाकल्प

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **सीएम ग्रिड योजना के तहत निर्माण कार्य कराया जाएगा**

**अमृत विचार:** नगर निगम ने शहर की सड़कों की सूरत बदलने के लिए सीएम ग्रिड फेज-4 का ब्लूप्रिंट तैयार कर लिया है। वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए प्रस्तावित इस कार्ययोजना में कुल 97.63 करोड़ रुपये की लागत से चार प्रमुख सड़कों का कायाकल्प किया जाएगा। परियोजना का उद्देश्य शहर के व्यस्ततम इलाकों में सड़कों का समेकित विकास और आधुनिक उन्नयन करना है, जिससे स्थानीय निवासियों और राहगीरों को जाम व खराब सड़कों से निजात मिल सके। फेज-4 में होने वाले कार्यों में सबसे बड़ा प्रोजेक्ट स्वयंवर बरात घर से शिवाजी चौक होते हुए श्री राम जानकी मंदिर तक का है, जिसकी लागत 30.23 करोड़ रुपये तय की गई है । इसके अलावा आईवीआरआई मोड़ से झूलेलाल द्वार तक 26.45 करोड़, डोहरा चौराहे से नकटिया नदी तक 24.00 करोड़ और सलेक्शन प्वाइंट से केजीएन फर्नीचर तक 22.95 करोड़ के विकास कार्यों का प्रस्ताव है। इन चारों प्रस्तावों में से तीन का स्वामित्व नगर निगम व डोहरा चौराहे वाले मार्ग की जिम्मेदारी पीडब्ल्यूडी के पास है। फेज-वन में माडल टाउन और स्टेडियम रोड जैसे क्षेत्रों में 80 प्रतिशत भौतिक प्रगति हासिल कर ली गई है। वहीं, फेज-टू और फेज-3 के तहत कोहाड़ापीर और श्यामगंज पुल से जुड़े मार्गों के लिए निविदाएं आमंत्रित की गई हैं, जिनका काम जनवरी 2027 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है ।

# बिजली की आंख-मिचौली से लोग परेशान

**बरेली, अमृत विचार :** शहर में ट्रिपिंग, वोल्टेज समस्या के साथ लोकल फॉल्ट के कारण लोगों को बिजली कटौती का सामना करना पड़ रहा है। शनिवार को सबसे अधिक किला उपकेंद्र के फूटा दरवाजा में साढ़े चार घंटे बिजली कटौती हुई। सुभाष नगर के बदायूं रोड, रविंद्र नगर, बीडीए कॉलोनी, राजीव कॉलोनी में सुबह डेढ़ घंटे के बाद शाम को साढ़े पांच से सात बजे तक बिजली कटौती हुई। शाहदाना उपकेंद्र के नाले के पास लगे ट्रांसफार्मर का फ्यूज सुबह नौ बजे उड़ने के कारण दो घंटे बिजली गायब रही।

# शहर के 57 वार्डों में 265 करोड़ से घर-घर पहुंचेगा 'अमृत'

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **अमृत 2.0 योजन के तहत 51 करोड़ की पहली किस्त जारी**
- **19 नई टंकियां व 302 किमी बिछाई जानी है पाइपलाइन**
- **अहमदाबाद की फर्म को मिली जिम्मेदारी, जल्द शुरू होगा काम**

**अमृत विचार :** लंबे समय से शुद्ध जलापूर्ति की राह देख रहे शहर के बाशिंदों की दुश्वारियां दूर होने वाली हैं। जल निगम शहरी की ओर से शहर के 57 वार्डों में ''अमृत 2.0'' के तहत 265 करोड़ रुपये से पेयजल योजना को धरातल पर उतारने की पूरी तैयारी कर ली गई है। अहमदाबाद की फर्म मेसर्स पी. दास इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड को निर्माण की जिम्मेदारी सौंपी गई है। शासन ने निर्माण कार्य के लिए 51 करोड़ रुपये की पहली किस्त जारी कर दी है। इस परियोजना के पूरा होने के बाद नगर निगम में पेयजल का कवरेज 51.15 से बढ़कर 92 प्रतिशत हो जाएगा।

योजना के तहत शहर के 34 पूर्णत असंतृप्त और 23 आंशिक रूप से असंतृप्त वार्डों में शुद्ध पानी पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। विभाग के अनुसार, पूरे शहर को चार मुख्य जोन-सेंट्रल सिटी, नॉर्थ डेवलपमेंट, सुभाष नगर और ट्रांस रेलवे जोन में विभाजित किया गया है। इस चरण में कुल 19 नए नलकूप लगाए जाएंगे और पानी के भंडारण के लिए 19 टंकियों का निर्माण किया जाएगा। शहर के विभिन्न हिस्सों में कुल 302.38 किलोमीटर लंबी पाइपलाइन बिछाई जाएगी, ताकि घरों तक निर्बाध जलापूर्ति सुनिश्चित की जा सके। परियोजना का उद्देश्य 2025 की अनुमानित 11.44 लाख की आबादी को मानक के अनुसार 135 एलपीसीडी (लीटर प्रति व्यक्ति प्रतिदिन) की दर से जल उपलब्ध कराना है । योजना के तहत कुल 76,465 नए हाउस कनेक्शन दिए जाने का प्रस्ताव है।

जल निगम के एक्सईएन संजय कुमार ने बताया कि निर्माण एजेंसी के तकनीकी दस्तावेजों और बैंक गारंटी का सत्यापन पूरा कर लिया गया है। जिन वार्डों में फिलहाल भूमि की उपलब्धता नहीं हो पाई है, उनके लिए प्राथमिकता के आधार पर जमीन चिह्नित कर अगली डीपीआर तैयार करने के प्रयास तेज कर दिए गए हैं ।

### 37 बोरिंग ट्यूबवेल बनेंगे

जल निगम इस योजना के तहत 19 ओवरहेड टैंक और 37 बोरिंग ट्यूबवेल बनवाएगा। टैंक अलग-अलग किलोलीटर क्षमता के होंगे। रोजाना प्रति व्यक्ति के हिसाब से 135 लीटर पानी की आपूर्ति की जाएगी। 93 हजार घरों को इन ओवरहेड टैंकों से जोड़ा जाएगा। वहीं, गंदा पानी आने की शिकायतें रोकने के लिए पुरानी लाइनों को पूरी तरह से बंद किया जाएगा।

### शहर के असंतृप्त वार्ड

अमृत 2.0 योजना के तहत नगरीय क्षेत्र में गृह संयोजन के माध्यम से शत-प्रतिशत आच्छादित किया जाना लक्षित है। इसमें शहर के 38, 31,07, 26, 70, 14, 71, 62, 33, 28, 34, 55, 47, 45, 59, 36, 80, 53, 20, 64, 15, 72, 52, 02, 60, 06, 11, 01, 41, 74, 76, 58 व 24 वार्ड असंतृप्त हैं।

# BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY

## Accreditations, Affiliations & Approvals

ज्ञान-विज्ञान विमुक्तये University Grants Commission of India | Medical Council of India | Dental Council of India | Pharmacy Council of India | Indian Nursing Council | Uttar Pradesh Nursing & Midwives Council | Association of Indian Universities | Where there is rural well being there is University Prosperity | Uttar Pradesh State Medical Faculty

## ADMISSION OPEN FOR FOLLOWING COURSES SESSION 2026-27
## CUET(UG/PG)-2026 Score Accepted

### ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL

| | COURSE | Eligibility | Duration |
|---|---|---|---|
| 01 | MBBS (intake - 250) - Through NEET | (10+2 PCB) | 4½+1 Year |
| 02 | MD/MS (intake - 166) - Through PG NEET | MBBS | 3 Year |
| 03 | Diploma- Medical lab Technician (DMLT) | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| 04 | Diploma X-Ray Technician | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| 05 | Diploma Radiology Technology | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| 06 | M.Sc. Medical Anatomy | MBBS, BDS, BAMS B.Sc. Nursing, B.Sc. Optom, B.Pharma, BPT, B.Sc. MLT, B.sc(Bio sc.) | 3 Year |
| 07 | M.Sc. Medical Biochemistry | | 3 Year |
| 08 | M.Sc. Medical Microbiology | | 3 Year |
| 09 | M.Sc. in Medical Pharmacology | | 3 Year |
| 10 | M.Sc. in Medical Physiology | | 3 Year |

### INSTITUTE OF DENTAL SCIENCES

| | COURSE | Eligibility | Duration |
|---|---|---|---|
| 10 | BDS (intake - 100) - Throught NEET | (10+2 PCB) | 4+1 Year |
| 11 | MDS (intake - 38) Through MDS NEET | BDS | 3 Year |
| 12 | Diploma in Dental Hygenist | 10+2 (PCB) | 2 Year |
| 13 | Diploma in Dental Mechanics | 10+2 (PCB) | 2 Year |

### BIU COLLEGE OF PHARMACY/ROHILKHAND COLLEGE OF PHARMACY/ KESHLATA COLLEGE OF PHARMACY

| | COURSE | Eligibility | Duration |
|---|---|---|---|
| 14 | D.Pharm/Diploma in Pharmacy | 10+2(PCB/PCM) | 2 Year |
| 15 | B.Pharm/Bachelor of Pharmacy | 10+2(PCB/PCM) | 4 Year |
| 16 | M.Pharm (Pharmaceutical Chem) | B.Pharm | 2 Year |
| 17 | M.Pharm (Pharmaceutics) | B.Pharm | 2 Year |
| 18 | M.Pharm (Pharmacology) | B.Pharm | 2 Year |
| 19 | M.Pharm (Pharmacognosy) | B.Pharm | 2 Year |

### FACULTY OF ALLIED & HEALTHCARE SCIENCES (PARAMEDICAL)

| | COURSE | Eligibility | Duration |
|---|---|---|---|
| 20 | Certification in Sanitation | 10+2(PCB/PCM) | 1 Year |
| 21 | Diploma in Medical Lab Technician (DMLT) | 10+2(PCB/PCM) | 4 Year |
| 22 | Diploma in X-Ray Technician | 10+2(PCB/PCM) | 2 Year |
| 23 | Diploma in Dialysis Technician | 10+2(PCB/PCM) | 2 Year |
| 24 | Diploma in Emergency & Trauma Care | 10+2(PCB/PCM) | 2 Year |
| 25 | Diploma in MRI Technician | 10+2(PCB/PCM) | 2 Year |
| 26 | Diploma in Radiotherapy Technology | 10+2(PCB/PCM) | 2 Year |
| 27 | Bachelor of Physiotherapy (BPT) | 10+2(PCB | 5 Year |
| 28 | Bachelor Operation Theater Technician (BOTT) | 10+2(PCB/PCM)) | 4 Year |
| 29 | Bachelor of Medical Radiology & Imaging Technology (BMRIT) | 10+2(PCB) | 4 Year |
| 30 | B.Sc. in Medical Laboratory Technician (BMLT/BMLS) | 10+2(PCB) | 4 Year |
| 31 | B.Sc. in Optometry (B. Optom) | 10+2(PCB/PCM) | 5 Year |
| 32 | M.Sc. in Clinical Embryology | UG (Relevant Discipline) | 2 Year |
| 33 | Master of Physiotherapy (MPT) | UG (Relevant Discipline) | 2 Year |
| 34 | Master in Medical Laboratory Sciences (MMLS) | UG (Relevant Discipline) | 2 Year |

### ROHILKHAND SCHOOL OF NURING/ROHILKHAND COLLEGE OF NURSING

| | COURSE | Eligibility | Duration |
|---|---|---|---|
| 35 | B.Sc. Nursing | 10+2 (PCB) | 4 Year |
| 36 | Post Basic B.Sc. Nursing | GNM | 2 Year |
| 37 | Nurse Practitioner in Critical Care (NPCC) (Post Graduate Residency Progam) | B.Sc. Nursing/Post Basic B.Sc. Nursing* | 2 Year |
| 38 | M.Sc. Nursing in Medical Surgical Nursing | B.Sc. Nursing/ Post Basic B.Sc. Nursing* | 2 Year |
| 39 | M.Sc. Nursing in Obsteric & Gynaecological Nursing | | 2 Year |
| 40 | M.Sc. Nursing in Child Health Nursing | | 2 Year |
| 41 | M.Sc. Nursing in Mental Health Nursing | | 2 Year |
| 42 | M.Sc. Nursing in Community Health Nursing | | 2 Year |
| 43 | GNM | 10+2 with English | 3 Year |
| 44 | ANM | 10+2 | 2 Year |

### BIU COLLEGE OF MANAGEMENT/HUMANITIES & JOURNALISM

| | COURSE | Eligibility | Duration |
|---|---|---|---|
| 45 | BBA | 10+2 in any Stream | 3 Year |
| 46 | BBA (H) Finance & Taxation | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 47 | BBA (H) Business Intelligence & Data Analytics | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 48 | B. Com (Honors) | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 49 | BCA | 10+2 in any Stream | 3 Year |
| 50 | BCA (H) Information Technology & Multimedia | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 51 | BCA (H) Artificial Intelligence & Data Science | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 52 | BCA (H) Artificial Intelligence & Machine Lear. | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 53 | BA (Journalism/Mass Communication) | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 54 | BJMC (H) Bachelor of Journalism & Mass Communication | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 55 | BMM (H) Bachelor of Mass Media | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 56 | MJMC Master of Journalism & Mass Comm. | UG Any Stream | 2 Year |
| 57 | MHA (Master in Hospital Administration) | UG Any Stream | 2 Year |
| 58 | MPH (Master in Public Health) | UG Any Stream | 2 Year |
| 59 | MBA | UG Any Stream | 2 Year |
| 60 | MCA | UG Any Stream | 3 Year |
| 61 | M. Com | UG Any Stream | 2 Year |
| 62 | MA (Political Science) | UG Any Stream | 2 Year |
| 63 | MA (Journalism) | UG Any Stream | 2 Year |
| 64 | MA (Mass Communication) | UG Any Stream | 2 Year |
| 65 | MA (English) | UG Any Stream | 2 Year |
| 66 | MA (Psychology) | UG Any Stream | 2 Year |
| 67 | MA (Sociology) | UG Any Stream | 2 Year |

### FACULTY OF FORENSIC SCIENCES

| | COURSE | Eligibility | Duration |
|---|---|---|---|
| 68 | B.Sc. Forensic Sciences | 10+2 (PCM/PCB) | 3 Year |
| 69 | M.Sc Forensic Science | UG (Relevant Discipline) | 2 Year |

### FACULTY OF FINE ARTS

| | COURSE | Eligibility | Duration |
|---|---|---|---|
| 70 | Certificate in Photography | 10 Pass | 1 Year |
| 71 | Certificate in Cinematography | 10 Pass | 1 Year |
| 72 | Diploma in Cinematography (DIC) | 10 Pass | 2 Year |
| 73 | Diploma in Photography (DIP) | 10 Pass | 2 Year |
| 74 | Bachelor of Fine Arts (Film Making) | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 75 | Bachelor of Fine Arts (Photography) | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 76 | Master of Fine Arts (Photography) | UG Fine Arts | 2 Year |

### Rohilkhand Ayurvedic Medical College and Hospital

| | COURSE | Eligibility | Duration |
|---|---|---|---|
| 77 | BAMS (Bachelor of Ayurvedic Medicine and Surgery) (intake - 60) | Through NEET (10+2 PCB) | 4½+1 Year |

**Contact For More Information: 9105500202, 9105500404, Ph.: 0581-2526153**

**Add.: Admission Cell, Administrative Block, Bareilly International University, Rohilkhand Medical College Campus, Bareilly - 243006 (U.P.)**

**Website : www.biu.edu.in, E-mail : admission@biu.edu.in**

**सिटी ब्रीफ**

### यात्रा के खट्टे-मीठे अनुभव लिखिए, रेलवे देगा पुरस्कार

**बरेली, अमृत विचार :** रेलवे ने यात्रियों के सफर से जुड़े खट्टे-मीठे अनुभवों को सामने लाने और हिंदी लेखन को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 'रेल यात्रा वृतांत पुरस्कार योजना-2026' शुरू की है। योजना के तहत यात्री अपने यात्रा अनुभवों को कहानी के रूप में लिखकर भेज सकते हैं। चयनित प्रविष्टियों को आकर्षक नकद पुरस्कार दिए जाएंगे। रेलवे अधिकारियों के अनुसार प्रतियोगिता अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित की जा रही है और इसमें कोई भी नागरिक भाग ले सकता है। लेख की शब्द सीमा 3000 से 3500 शब्द निर्धारित की गई है।

### नियमों के उल्लंघन पर 6 लाउडस्पीकर उतरवाए

**बरेली, अमृत विचार :** ध्वनि विस्तारक यंत्र (लाउडस्पीकर) चेकिंग अभियान शनिवार सुबह चलाया गया। विभिन्न थाना क्षेत्रों में ध्वनि प्रदूषण मानकों का उल्लंघन पाए जाने पर कार्रवाई की गई। लाउडस्पीकर उतरवाए गए। अभियान का उद्देश्य ध्वनि प्रदूषण पर नियंत्रण स्थापित करना व निर्धारित मानकों का अनुपालन सुनिश्चित कराना रहा। चेकिंग के दौरान थाना इज्जतनगर, बारादरी और शेरगढ़ क्षेत्र में कुल 42 स्थानों का निरीक्षण किया गया। इनमें नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर छह ध्वनि विस्तारक यंत्र उतरवाए गए।

### मुख्य अभियंता का राजस्व वसूली पर जोर

**बरेली, अमृत विचार :** मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के मुख्य अभियंता ज्ञान प्रकाश ने शुक्रवार को विद्युत वितरण खंड आंवला का निरीक्षण किया। उन्होंने अफसरों को उपभोक्ताओं की समस्याओं का निस्तारण करने व राजस्व वसूली में तेजी लाने के निर्देश दिए। मुख्य अभियंता ने अधिशासी अभियंता, सभी उपखंड अधिकारियों, अवर अभियंताओं और टीजी-टू कर्मचारियों की मौजूदगी में वाणिज्यिक और तकनीकी पैरामीटर पर समीक्षा बैठक की। उन्होंने लक्ष्य के अनुरूप शत-प्रतिशत राजस्व वसूली सुनिश्चित करने के लिए बकायेदारों से वसूली के लिए विशेष कैंप लगाने के निर्देश दिए। उपखंड अधिकारियों को आरडीएफ बिलों का समय से रिवीजन करने को कहा, ताकि उपभोक्ताओं को सही और पारदर्शी बिल मिल सकें।

# महाराणा प्रताप के आदर्शों को अपनाने का आह्वान

## उत्साह के साथ मनाई जयंती, शौर्य और राष्ट्रभक्ति को सबने मिलकर याद किया

कार्यालय संवाददाता, बरेली



कार्यक्रम में मौजूद एमएलसी महाराज सिंह, आदेश प्रताप सिंह, अर्बन कोऑपरेटिव बैंक की चेयरपर्सन श्रुति गंगवार व पदाधिकारी।

**अमृत विचार :** शहर में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। महाराणा प्रताप स्मारक समिति की ओर से शनिवार को स्मारक स्थल पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। उनके शौर्य व राष्ट्रभक्ति से जुड़े प्रसंगों को याद कर उन्हें नमन किया गया।

मुख्य अतिथि एमएलसी महाराज सिंह ने महाराणा प्रताप के जीवन को आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बताया। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप ने जिस साहस और स्वाभिमान के साथ मुगलों के खिलाफ संघर्ष किया, वह भारतीय इतिहास का स्वर्णिम अध्याय है। उन्होंने युवाओं से उनके आदर्शों को अपनाने और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। भाजपा आंवला जिलाध्यक्ष आदेश प्रताप सिंह, अर्बन कोऑपरेटिव बैंक की चेयरमैन श्रुति गंगवार, सुबोध कुमार अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में स्थानीय नागरिकों की भागीदारी देखने को मिली। महाराणा प्रताप स्मारक समिति के अध्यक्ष एमपी सिंह, महामंत्री डीके सिंह, कोषाध्यक्ष डॉ. अवधेश कुमार, सुधीर उपाध्याय, नगर निगम में नामित सदस्य हरिओम गौतम, फतेह चंद्र गंगवार, वीरेश गौड़, गीता सिंह प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

### महाराणा प्रताप जयंती पर हुआ कार्यक्रम



**बरेली, अमृत विचार :** राष्ट्र नायक महाराणा प्रताप की जयंती पर जिला अस्पताल स्थित उनकी प्रतिमा स्थल पर क्षत्रिय महासभा के तत्वावधान में माल्यार्पण कर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि पूर्व ब्लॉक प्रमुख देवपाल सिंह चौहान मंडल अध्यक्ष प्रमोद सिंह, सीएमएस रमेश चंद्र दीक्षित, रिटायर्ड शिक्षाधिकारी नरेंद्र सिंह पवार, आलोक चौहान, गजेंद्र पांडेय आदि मौजूद रहे।

### संघर्ष व वीरता के मिसाल थे महाराणा प्रताप

**बरेली, अमृत विचार :** मानव सेवा क्लब ने महाराणा प्रताप की जयंती शनिवार को जिला अस्पताल स्थित महाराणा प्रताप पार्क में मनाई। कार्यक्रम का शुभारंभ महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुआ। क्लब के अध्यक्ष सुरेन्द्र बीनू सिन्हा ने कहा कि महाराणा प्रताप बहुत ही वीर और निर्भीक थे। जिन्होंने अपनी वीरता से मुगलों के छक्के छुड़ा दिए। वक्ता इन्द्रदेव त्रिवेदी ने कहा कि महाराणा प्रताप ने प्रतिकूल परिस्थितियों में भी हार नहीं मानी और वह अंत तक देश के लिए लड़ते रहे। सुरेश बाबू मिश्रा, विजय कपूर, प्रीती सक्सेना, मंजू सक्सेना, बिंदु सक्सेना, एएल गुप्ता, आकाश सक्सेना, सुनील शर्मा सहित कई लोग उपस्थित रहे।




### आर्ट ऑफ लिविंग : सत्संग व महा रक्तदान शिविर आज



**बरेली, अमृत विचार :** आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक श्री श्री रविशंकर के 70 वें जन्मदिवस व संगठन के 45 गौरवशाली वर्षों के उपलक्ष्य में रविवार को भव्य सत्संग और उत्सव का आयोजन शाम 5 से 7 बजे तक चंद्रकांता सभागार रामपुर गार्डन में होगा। वरिष्ठ शिक्षिकाएं नीता मूना, अंजुल अग्रवाल और संदीप अरोरा ने संयुक्त रूप से बताया कि कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षक योगी अनुराग का विशेष सान्निध्य रहेगा। आयोजन के दौरान 21 से 24 मई तक बेंगलुरु में होने वाले उत्तर प्रदेश महोत्सव की विस्तृत जानकारी साझा की जाएगी। साथ ही समाजसेवा की भावना को आगे बढ़ाते हुए आईएमए ब्लड बैंक सिविल लाइंस में रोजाना 10 से साम 7 बजे तक एक महा रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा।

# राजस्व वसूली में बरेली मंडल प्रथम

कार्यालय संवाददाता, बरेली



निर्माणाधीन सारथी हॉल का जायजा लेते परिवहन आयुक्त आशुतोष निरंजन।

- परिवहन आयुक्त ने समीक्षा बैठक में अधिकारियों की पीठ थपथपाई
- परसाखेड़ा में निर्माणाधीन सारथी हॉल का निरीक्षण भी किया

**अमृत विचार :** परिवहन आयुक्त आशुतोष निरंजन ने शनिवार को बरेली परिक्षेत्र के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। वित्तीय वर्ष 2026-27 के पहले ही महीने अप्रैल में पूरे प्रदेश में सर्वाधिक राजस्व प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल करने पर बरेली संभाग के अधिकारियों की पीठ थपथपाई। उन्होंने परसाखेड़ा में निर्माणाधीन सारथी हॉल का निरीक्षण किया। कार्यदायी संस्था को 31 मई तक हर हाल में काम पूरा करने के निर्देश दिए। अधिकारियों के अनुसार भवन निर्माण लगभग 90 प्रतिशत पूरा हो चुका है।

परिवहन आयुक्त ने ''मॉडिफाइड साइलेंसर'' के विरुद्ध युद्धस्तर पर अभियान छेड़ने के निर्देश दिए। स्पष्ट कहा कि ध्वनि प्रदूषण फैलाने वाले ऐसे वाहनों की आरसी तुरंत निलंबित की जाए। साथ ही सड़क दुर्घटनाओं के लिए जिम्मेदार वाहन चालकों पर नकेल कसते हुए उनके ड्राइविंग लाइसेंस निलंबन और निरस्तीकरण की कार्रवाई की जाए।

इसके अलावा परिवहन आयुक्त ने बिथरी चैनपुर स्थित ऑटोमोबाइल टेस्टिंग सेंटर की कार्यप्रणाली को भी परखा। बैठक में उप परिवहन आयुक्त कमल प्रसाद गुप्ता, आरटीओ प्रशासन पंकज सिंह, आरटीओ प्रवर्तन प्रणव झा, एआरटीओ प्रशासन डॉ. प्रवेश कुमार सरोज, एआरटीओ प्रवर्तन वैभव सोती सहित बरेली और मुरादाबाद संभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

# डीएम ने परखी उत्तराखंड सीमा की सुरक्षा व्यवस्था

कार्यालय संवाददाता, बरेली




जिले के बार्डर चेक पोस्ट पर मौजूद डीएम अविनाश सिंह। ● अमृत विचार

- डीएम ने अंतर्राष्ट्रीय चेक पोस्ट का किया निरीक्षण
- स्टाफ के लिए बेहतर व्यवस्थाएं करने के निर्देश

**अमृत विचार:** जिले की सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने शनिवार को अंतर्राज्यीय पुलिस चेकपोस्ट बहेड़ी-उत्तराखंड बॉर्डर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने सुरक्षा व्यवस्थाओं, वाहनों की चेकिंग और पुलिस कर्मियों की तैनाती का जायजा लिया।

निरीक्षण में चेकपोस्ट पर तैनात कर्मियों के बैठने और मूलभूत सुविधाओं की कमी सामने आने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई। उन्होंने निर्देश दिए कि चेकपोस्ट का निर्माण व्यवस्थित ढंग से कराया जाए, जिसमें पुलिस कर्मियों के बैठने की समुचित व्यवस्था, शौचालय और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हों। इसके लिए धनराशि उपलब्ध कराने की बात भी कही। डीएम ने संबंधित पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देशित किया कि बॉर्डर क्षेत्र में हर गतिविधि पर कड़ी नजर रखी जाए।

संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की नियमित एवं सघन चेकिंग सुनिश्चित करने के साथ कानून व्यवस्था को हर हाल में मजबूत बनाए रखा जाए। उन्होंने कहा कि आमजन की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और पुलिस-प्रशासन आपसी समन्वय के साथ सतर्कता बरतते हुए कार्रवाई करें। निरीक्षण के दौरान संयुक्त मजिस्ट्रेट/उपजिलाधिकारी बहेड़ी इशिता किशोर, तहसीलदार बहेड़ी समेत पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

### बरसात से पहले स्थायी तटबंध बनाने के निर्देश

**बरेली, अमृत विचार :** जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने शनिवार को तहसील बहेड़ी स्थित निर्माणाधीन मेगा फूड पार्क का स्थलीय निरीक्षण कर निर्माण कार्यों और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परियोजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को गुणवत्ता और समयबद्धता के साथ कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए। समीक्षा में सामने आया कि परियोजना क्षेत्र में उत्तराखंड के कुछ किसानों की जमीन भी शामिल है। इस पर कार्यदायी संस्था यूपीसीडा ने बताया कि संबंधित किसानों से सहमति प्राप्त कर ली गई है। जिलाधिकारी ने संयुक्त मजिस्ट्रेट इशिता किशोर को उधमसिंह नगर प्रशासन से समन्वय कर प्रकरण का जल्द निस्तारण कराने के निर्देश दिए।

# पीडीए मंत्र घर-घर पहुंचाने की अपील

कार्यालय संवाददाता, बरेली



मंच पर मौजूद पूर्व विधायक समेत अन्य नेता। ● अमृत विचार

- फरीदपुर सपा की बैठक में बनाई चुनावी रणनीति
- यूथ ब्रिगेड के महासचिव अरविंद यादव ने भरा जोश

**अमृत विचार:** सपा की फरीदपुर विधानसभा में आयोजित बैठक में चुनावी रणनीति बनाई गई। सपा यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय महासचिव अरविंद यादव ने सेक्टर और जोन प्रभारियों को सम्बोधित करते हुए पीडीए की बात घर-घर पहुंचाने की अपील की।

अरविंद यादव ने कहा कि आगामी चुनाव में सपा यूपी में अपनी ताकत दिखाएगी और सत्ता हासिल करेगी। बैठक में फरीदपुर से सपा की टिकट के प्रमुख दावेदार पूर्व विधायक विजयपाल सिंह, कल्पना सागर, चंद्रसेन सागर, शालिनी सिंह एक मंच पर नजर आए। विधानसभा अध्यक्ष बलराम यादव की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में अशोक यादव, धर्मेंद्र सिंह लालू, हरीश लाखा, मंगल बाबू सोनकर, विजेंद्र माथुर, नितिन यादव सहित भारी संख्या में पदाधिकारी उपस्थित रहे। संगठन ने दावा किया कि फरीदपुर में पार्टी पूरी मजबूती और एकजुटता के साथ चुनावी मैदान में उतरेगी।

### समाजवादी अधिवक्ता सभा की बैठक आयोजित

**बरेली, अमृत विचार :** कचहरी परिसर में समाजवादी अधिवक्ता सभा की मासिक बैठक हुई। जिसमें आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर चर्चा की गई। अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष श्यामवीर सिंह यादव ने कहा कि प्रदेश की खुशहाली और न्याय व्यवस्था की बहाली के लिए अखिलेश यादव को दोबारा मुख्यमंत्री बनाना आवश्यक है। जहांगीर बेग, उमाशंकर यादव, हरभजन सिंह शाक्य, सुभाष चंद्र गुर्जर, राजेन्द्र यादव, रामसेवक यादव, हनीफ, यशवीर सिंह, अनिल कुमार, रेहान खान, संजीव यादव, ध्रुव यादव, शादाब अल्वी आदि मौजूद रहे।

# दो अवैध ई रिक्शा चार्जिंग सेंटर पकड़े, 152 पर रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- विद्युत टीमों ने शहर में कई स्थानों पर की छापामारी
- मुख्य अभियंता के निर्देश पर बिजली चोरी रोकने को चला अभियान

**अमृत विचार :** मुख्य अभियंता ज्ञान प्रकाश के निर्देश पर विद्युत वितरण नगरीय व मंडल की टीमों ने शनिवार को शहर में कई स्थानों पर छापेमारी की। इस दौरान हाई लाइन लॉस और हॉटस्पॉट क्षेत्रों में 984 कनेक्शनों की जांच की गई। दो अवैध ई रिक्शा चार्जिंग सेंटर पकड़े गए। बिजली चोरी और बकाया बिलों के मामलों में 152 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई।

मुख्य अभियंता ज्ञान प्रकाश ने बताया कि नगरीय क्षेत्र में प्रेमनगर थाना अंतर्गत सुरखा वानखाना और रजा चौक इलाके में अधीक्षण अभियंता के नेतृत्व में छापेमारी की गई। इस दौरान दो अवैध ई-रिक्शा चार्जिंग सेंटर पकड़े गए। जहां सीधे पोल से केबल डालकर 38 ई-रिक्शा चार्ज किए जा रहे थे। टीम ने मौके पर केबल काटकर हटाया और एंटी पॉवर थेफ्ट थाने में मुकदमा दर्ज कराया। इसके अलावा चार घरेलू कनेक्शनों पर मीटर बाईपास कर बिजली चोरी पकड़ी गई। वहीं, अभियान के दौरान बकाया बिल न जमा करने वाले 293 उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे गए। वहीं 43 उपभोक्ताओं का किलोवाट भार बढ़ाया गया। विभागीय अधिकारियों के अनुसार अभियान में करीब 9.79 लाख रुपये की राजस्व वसूली हुई।

# तहसील मुख्यालयों व नगर पंचायतों में अब रोजाना होगी ढाई घंटे बिजली कटौती

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- प्रदेश स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर ने 31 मई तक कटौती का जारी किया शेड्यूल
- भीषण गर्मी के बीच लागू होने वाली नई व्यवस्था से आमजन व उद्यमियों की बढ़ी चिंता

**अमृत विचार :** प्रदेश में बढ़ते विद्युत भार और ग्रिड सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यूपी पावर सेक्टर ने 31 मई तक नई बिजली कटौती व्यवस्था लागू करने का निर्णय लिया है। इस व्यवस्था के तहत बरेली मंडल के चारों जिलों बरेली, बदायूं, पीलीभीत और शाहजहांपुर में प्रतिदिन निर्धारित समय पर बिजली कटौती की जाएगी।

कटौती तहसील मुख्यालयों और नगर पंचायत क्षेत्रों में अलग-अलग समय पर होगी।

बरेली मंडल एलएसडीसी लखनऊ नियंत्रण क्षेत्र में शामिल है। तहसील मुख्यालयों में सुबह साढ़े छह से आठ बजे तक तथा दोपहर 12:15 बजे से 1:15 बजे तक ढाई घंटे बिजली कटौती की जाएगी। वहीं नगर पंचायत क्षेत्रों में सुबह छह से शाम सात बजे तक और दोपहर दो बजे से साढ़े तीन बजे तक आपूर्ति बाधित रहेगी। बिजली विभाग के अधिकारियों के अनुसार यह व्यवस्था केंद्रीय विद्युत नियामक आयोग (सीईआरसी) के निर्देशों और ग्रिड सुरक्षा मानकों के तहत लागू की जा रही है। भीषण गर्मी के बीच लागू होने वाली इस नई व्यवस्था से आम उपभोक्ताओं, व्यापारियों और किसानों की चिंता बढ़ गई है। लाजमी है कि कटौती से लोगों को परेशानी से जूझना पड़ेगा।

# बिहार के आयुष्मान कार्ड से बरेली में बुजुर्ग की शिकायत

कार्यालय संवाददाता, बरेली



- नाम पता बदलकर कार्ड के गलत इस्तेमाल का आरोप
- पुलिस और स्वास्थ्य अधिकारियों से कार्रवाई की मांग

**अमृत विचार:** आयुष्मान भारत योजना के तहत बरेली में कथित रूप से फर्जीवाड़े का मामला सामने आया है। आरोप है कि बिहार के आयुष्मान कार्ड का इस्तेमाल कर यहां के एक बुजुर्ग का इलाज कराया गया। दस्तावेजों में नाम और पता बदलकर कार्ड को फर्जी तरीके से इस्तेमाल कर लिया गया। मामला बरेली में पुराने शहर से जुड़ा बताया गया है और इसके पीछे सुनियोजित तरीके से गिरोह होने की आशंका भी जताई गई है।

शिकायत पुलिस के साथ स्वास्थ्य विभाग के अफसरों से की भी की गई है। कहा गया है कि नेटवर्क से जुड़े लोग इलाज कराने के नाम पर मरीजों और उनके परिजनों से मोटी रकम वसूल करता है। आधार नंबर तो वही रखा जाता है, लेकिन फोटो और अन्य पहचान से छेड़छाड़ कर फर्जी आयुष्मान कार्ड तैयार किए जाते हैं। इस तरह से योजना का दुरुपयोग हो रहा है। सूफी टोला, पुराना शहर की महिला ने पूरे मामले की शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की है।

# चिकित्सा के नए दौर पर किया मंथन

कार्यालय संवाददाता, बरेली




एसआरएमएस में आयोजित कांफ्रेंस में मौजूद विशेषज्ञ। ● अमृत विचार

- एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में यूपीसीसीडीएसआईकोन का हुआ आरंभ
- पहले दिन देशभर से जुटे विशेषज्ञों ने साझा की आधुनिक चिकित्सा से जुड़ी जानकारी

**अमृत विचार:** एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में शनिवार को दूसरी यूपीसीसीडीएसआईकोन व छठवीं एसआरएमएस मेडिसिन अपडेट कांफ्रेंस का आयोजन हुआ। पहले दिन उद्घाटन सत्र के साथ 8 साइंटिफिक सत्र हुए, जिसमें देशभर से आए विशेषज्ञ चिकित्सकों ने मधुमेह, कार्डियो-मेटाबोलिक रोग, हाइपरटेंशन, किडनी रोग, यौन स्वास्थ्य एवं आधुनिक चिकित्सा तकनीकों पर नवीनतम जानकारियां साझा कीं।

मुख्य अतिथि एसजीपीजीआई लखनऊ के निदेशक पद्मश्री डॉ. आर.के. धीमन ने कहा कि किसी भी संस्थान की पहचान वहां होने वाले रिसर्च से होती है और विद्यार्थियों को आईसीएमआर जैसी संस्थाओं से मिलने वाली ग्रांट का लाभ उठाकर शोध पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। चेयरमैन देव मूर्ति ने विद्यार्थियों को 'बेड साइड लर्निंग' यानी मरीज के पास रहकर सीखने की सलाह दी। विशिष्ट अतिथि डॉ. ए.एन. राय और डॉ. अनुज महेश्वरी ने जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों और डायबिटीज पर शोध की कमी पर चिंता व्यक्त की। डॉ. अनिल कुमार विरमानी ने भविष्य की चिकित्सा प्रणाली में एआई के प्रभाव को समझाया, वहीं डॉ. दीपक जुमानी ने यौन स्वास्थ्य से जुड़े मिथकों पर चर्चा की। यूपीसीसीडीएसआई के सेक्रेटरी डॉ.साजिद अंसारी, एपीआई बरेली के प्रेसिडेंट डॉ.अनुपम शर्मा, यूपी आईएमए के प्रेसिडेंट इलेक्ट डॉ.रवीश कुमार, आईएमए बरेली के प्रेसिडेंट डॉ.अतुल श्रीवास्तव, डॉ.अंशु अग्रवाल, डॉ.मृत्युंजय सिंह, डॉ.नरसिंह वर्मा, डॉ.शरद अग्रवाल, डॉ. सुदीप सरन, डॉ.आदित्य कपूर, डॉ.दर्शन मेहरा, सुभाष मेहरा, डॉ.निर्मल यादव, डॉ.आरपी सिंह, डॉ.रोहित शर्मा, डॉ. .एसके सागर, डॉ.बिंदु गर्ग आदि मौजूद रहे।

**BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY**
Rohilkhand Medical College Campus, Pilibhit Bypass Road,
Bareilly-243006 (UP) India, Phone : 0581-2526051, 053, 153
Email : registrar@biu.edu.in, Website : www.biu.edu.in
For any query contact : 9520876189, 9105500202, 9105500404

**Applications are invited for Admission to Ph.D. Programmes July 2026 session in the following disciplines**

- Faculty of Medical Sciences
  (All Clinical and Non-Clinical Specialities)
- Faculty of Pharmacy
- Faculty of Dental Sciences
  (All Specialities)
- Faculty of Management

**Application Fee**
- For Indian Candidate Rs. 2000/-
- NRI/Foreign National Candidate Rs. 5000/- or $60 USD

**Last Date of Receiving Application : 30th May, 2026**

Application Submission Address : To, The Registrar, Administrative Block, Bareilly International University, Bareilly-243006 (U.P.) India
For more details and application form & application fee,
visit univerisity website : www.biu.edu.in
(https://biu.edu.in/reseach/Latest-Application-form-for-PHD-programme.pdf)

## सिटी ब्रीफ

### जीआईएस व रिमोट सेंसिंग कार्यशाला का शुभारंभ

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज के पर्यावरण विज्ञान विभाग की ओर से 10 दिवसीय ऑनलाइन कार्यशाला "नेविगेटिंग द फ्यूचर : जीआईएस एवं रिमोट सेंसिंग" का शुभारंभ शनिवार को हुआ। करीब 200 प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया। लगभग 100 प्रतिभागी जूम व यूट्यूब लाइव के माध्यम से जुड़े। संचालन डॉ. अनामिका अग्रवाल ने किया। विभागाध्यक्ष डॉ. जसपाल सिंह ने कहा कि यह तकनीक पर्यावरणीय अध्ययन, संसाधन प्रबंधन एवं शोध कार्यों में अत्यंत महत्वपूर्ण है। यूनिवर्सिटी ऑफ अबुजा, नाइजीरिया के प्रो. जुबैरुल इस्लाम ने जियोस्पेशियल तकनीकों के वैश्विक महत्व पर विचार रखे। डॉ. सुधीर के. सिंह ने जीआईएस की मूलभूत अवधारणाओं एवं पर्यावरणीय अनुसंधान में उसके उपयोग की जानकारी दी। श्रुति सक्सेना ने गूगल अर्थ प्रो, आर्कजीआईएस एवं मैपिंग टूल्स के तकनीकी उपयोग समझाए। कार्यशाला प्राचार्य प्रो. ओपी राय और सेल्फ फाइनेंस पाठ्यक्रम निदेशक प्रो. एपी सिंह के निर्देशन में किया जा रहा है।

### 100 प्रतिशत विकास के लक्ष्यों पर छात्रों ने बनाए आकर्षक पोस्टर

**बरेली, अमृत विचार :** एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय अर्थशास्त्र विभाग में शुक्रवार को 'सतत विकास' विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। छात्र-छात्राओं ने पर्यावरण संरक्षण, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, लैंगिक समानता, स्वच्छ ऊर्जा और जल संरक्षण जैसे विषयों पर पोस्टर तैयार किए। निर्णायक मंडल में डॉ. सुबोध धवन, डॉ. ललित कुमार पाण्डेय और डॉ. कामिनी विश्वकर्मा शामिल रहे। प्रतियोगिता में श्रद्धा शर्मा ने प्रथम, गोविन्द कुमार ने द्वितीय तथा रितेश चन्द्र ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रो. आशुतोष प्रिय ने विचार रखे। कुलपति प्रो. के.पी. सिंह ने आयोजन की सराहना की।

# मां का स्नेह और त्याग अतुलनीय है : डॉ. लता

## केशलता इंटरनेशनल स्कूल में धूमधाम से मना मातृ दिवस, बच्चों ने दीं मनमोहक प्रस्तुतियां

कार्यालय संवाददाता, बरेली



केशलता इंटरनेशनल स्कूल में मातृ दिवस पर उपस्थित शिक्षक और छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** केशलता इंटरनेशनल स्कूल में मातृ दिवस उत्साह, प्रेम और सम्मान के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को मातृत्व के महत्व, त्याग, स्नेह व संस्कारों के प्रति जागरूक करना था। विद्यार्थियों ने गीत, नृत्य, कविता, भाषण एवं नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी माताओं के प्रति प्रेम और सम्मान व्यक्त किया। अतिथियों ने विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए माताओं के योगदान को जीवन की सबसे बड़ी शक्ति बताया।

विद्यालय की निदेशक डॉ. लता अग्रवाल ने कहा कि मां केवल जन्म देने वाली नहीं, बल्कि जीवन को संस्कारों और मूल्यों से संवारने वाली प्रथम गुरु होती है। मां का स्नेह और त्याग अतुलनीय है। प्रधानाचार्य ममतेश माहेश्वरी ने कहा कि मातृ दिवस केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि अपनी मां के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर है। बच्चों को सदैव अपनी मां का सम्मान करना चाहिए। उपप्रधानाचार्या डॉ. निशा शर्मा ने कहा कि मां परिवार की आधारशिला होती है। उसकी प्रेरणा और मार्गदर्शन बच्चों को सफलता की ओर अग्रसर करते हैं। प्रशासनिक अधिकारी सुधांशु शर्मा ने कहा कि मां का प्रेम निस्वार्थ और अनमोल होता है। हमें अपने जीवन में उनके त्याग और समर्पण का सदैव सम्मान करना चाहिए। पृथ्वी हाउस की बालिकाओं ने नाटक के जरिये एक गृहिणी से मां व बच्चों को सुंदर भविष्य देकर देश को सुंदर बनाने का सफर प्रस्तुत किया। पूरा विद्यालय मातृ शक्ति के सम्मान और प्रेम की भावना से ओत-प्रोत दिखाई दिया।

### सरस काव्य संध्या का हुआ आयोजन

**बरेली, अमृत विचार :** कवि गोष्ठी आयोजन समिति बरेली के तत्वावधान में साहूकारा में मातृ दिवस की पूर्व संध्या पर सरस काव्य संध्या आयोजित हुई। संयोजन वरिष्ठ कवयित्री शिवरक्षा पांडेय ने किया और अध्यक्षता रणधीर प्रसाद गौड़ धीर ने की। मुख्य अतिथि ज्ञान देवी वर्मा सत्यम, विशिष्ट अतिथि गणेश रहे। कवियों ने मातृ प्रेम, ममता, त्याग और संस्कार विषयक रचनाएं सुनाकर श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। संचालन मनोज दीक्षित 'टिंकू' ने किया।

### माता का स्थान जीवन में होता है सर्वोच्च



**बरेली, अमृत विचार :** नारायण वर्ल्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल राजपुरी नवादा में शनिवार को मातृ दिवस पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन हुआ। छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी माताओं के प्रति प्रेम और सम्मान व्यक्त किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि शिल्पा ग्वाल (आईडीईएस), डीईओ बरेली कैंट व ब्लॉक प्रमुख बिथरी ब्रजेश कुमारी ने किया। विद्यार्थियों ने नृत्य, गीत, कविताएं और भावुक भाषण प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया। प्रधानाचार्य आरसी धस्माना ने कहा कि माता का स्थान जीवन में सर्वोच्च होता है। सीनियर वर्ग से मिनी, दिव्यांशी, अरीबा और गुरजीत तथा जूनियर वर्ग से तान्या, मंकिरत और गुंजन की प्रस्तुतियों को विशेष सराहना मिली। पारुल मलिक, विद्यालय प्रबंध समिति के चेयरमैन डॉ. अनिल कुमार शर्मा, वाइस चेयरमैन डॉ. मुकुल अग्रवाल, मैनेजर नवीन कालरा, डायरेक्टर रोहित कालरा, सानिया कालरा, मोनिका कालरा, रोहन कृष्णा अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

### मां का ऋण जीवनभर नहीं चुकाया जा सकता




**बरेली, अमृत विचार :** जीके सिटी मॉन्टेसरी उच्च माध्यमिक स्कूल में मदर्स डे की पूर्व संध्या पर शनिवार को सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। छात्र-छात्राओं ने नृत्य और गायन के माध्यम से अपनी माताओं के प्रति प्रेम और सम्मान व्यक्त किया। छात्राओं ने मां की ममता विषय पर आधारित गीत एवं नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। विद्यालय प्रबंधक पार्थ सत्यवली व निदेशिका अश्मिता सत्यवली ने कहा कि मदर्स डे का आयोजन माताओं के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर है। विद्यार्थियों ने कविता, पोस्टर, लघुनाटिका एवं नृत्य के माध्यम से माताओं के योगदान को सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया। उपप्रबंधक दया बहुगुणा ने कहा कि मां हर कठिनाई सहन कर बच्चों को सही मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। प्रधानाचार्य डॉ. नरेन्द्र शर्मा ने कहा कि मां का ऋण जीवनभर नहीं चुकाया जा सकता। संचालन नृत्य शिक्षिका अरुणिमा सक्सेना व संगीत शिक्षिका काजल शर्मा ने किया।

# किडनी महत्वपूर्ण अंग लापरवाही पड़ सकती है भारी : डॉ. तारकेश्वर






डॉ. तारकेश्वर गुप्ता।

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार : किडनी** (गुर्दा) महत्वपूर्ण अंग है जो बिना रुके शरीर को स्वस्थ बनाए रखने का काम करती है। जिस प्रकार हृदय और फेफड़े बिना रुके काम करते हैं, वैसे ही किडनी भी रक्त को शुद्ध करने, विषैले तत्वों को बाहर निकालने और विभिन्न तरह के शारीरिक संतुलन बनाए रखती हैं। रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल के नेफ्रोलॉजी विशेषज्ञ डॉ. तारकेश्वर कुमार गुप्ता का कहना है कि किडनी को लेकर किसी भी तरह लापरवाही शरीर के लिए घातक साबित हो सकती है।

हैल्थ जागरुकता के क्रम में डॉ . गुप्ता ने बताया कि सामान्य रूप से प्रत्येक व्यक्ति के शरीर में जन्म से ही दो किडनी होती हैं। किडनी का मुख्य कार्य रक्तचाप को नियंत्रित रखना, शरीर से विषैले पदार्थों को बाहर निकालना और शरीर में पीएच स्तर का संतुलन बनाए रखना है। डायबिटीज, उच्च रक्तचाप, मोटापा, दर्द निवारक दवाइयों का अधिक सेवन तथा गर्भावस्था से संबंधित जटिलताएं किडनी खराब होने के प्रमुख कारण हैं। कई बार लोग बिना चिकित्सकीय सलाह के दवाइयों का सेवन करते हैं, जिससे किडनी पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। किडनी खराब होने के प्रमुख लक्षणों में भूख कम लगना, बार-बार उल्टी या मिचली आना, पेशाब कम या ज्यादा होना, कमजोरी महसूस होना, शरीर में सूजन आना तथा सांस फूलना शामिल है। हालांकि कई मामलों में शुरुआती दौर में ऐसे स्पष्ट लक्षण दिखाई नहीं देते और जांच कराने पर ही बीमारी का पता चलता है।

उन्होंने लोगों को सलाह दी कि ब्लड शुगर और रक्तचाप को नियंत्रित रखें, मोटापे से बचें, नियमित व्यायाम करें तथा बिना डॉक्टर की सलाह के कोई भी दवा न लें। समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कराना भी बेहद जरूरी है। डॉ. गुप्ता ने कहा कि रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल में किडनी रोगों के उपचार की सभी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। हेमोडायलिसिस, पेरिटोनियल डायलिसिस, किडनी बायोप्सी, प्लाज्माफेरेसिस, जुगुलर एवं परमाकैथ इंसर्शन, एवी फिस्टुला क्रिएशन तथा बच्चों के लिए विशेष डायलिसिस सुविधा के लिए यहां कभी भी संपर्क किया जा सकता है।

# फैकल्टी नाइट वॉलीबॉल टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ

- रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल में खेल भावना और उत्साह का दिखा संगम

कार्यालय संवाददाता, बरेली



खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते प्रधानाचार्य डॉ. शरद सेठ। ● अमृत विचार



वॉलीबॉल मैच में भाग लेते खिलाड़ी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल में फैकल्टी नाइट वॉलीबॉल टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ शनिवार शाम संस्थान के प्रधानाचार्य डॉ शरद सेठ ने किया। टूर्नामेंट में खेत भावना, उत्साह व आपसी सौहार्द का संगम दिखने को मिला।

टूर्नामेंट का आयोजन संस्थान की स्पोर्ट्स कमेटी के चेयरमैन डॉ. आशुतोष कुमार के मार्गदर्शन में किया गया। प्रतियोगिता में संस्थान की कुल छह टीमों आरएमसीएच पुली ब्लॉकर्स, एके वॉली किंग्स बीजेयू स्टॉर्म सर्वर्स, आईडीएस नेट निन्जास, केशलता थंडर्स स्पाइकर्स और रोहिलखंड एलीट स्मैशर्स ने प्रतिभाग किया। उद्घाटन समारोह के अवसर पर संस्थान के फैकल्टी सदस्य, चिकित्सक, प्रशासनिक अधिकारी एवं बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे। आयोजन में डॉ. ऋषि सैनी, डॉ. सद्गुरू सरन सिंह, डॉ. फैज शम्सी तथा संस्थान के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी तसलीम खान का विशेष योगदान रहा। टूर्नामेंट के सेमीफाइनल एवं फाइनल मुकाबले रविवार को आयोजित किए जाएंगे। यह आयोजन न केवल फैकल्टी सदस्यों के बीच खेल प्रतिभा को प्रोत्साहित करेगा, बल्कि आपसी सहयोग, फिटनेस एवं टीम भावना को भी नई ऊर्जा प्रदान करेगा।

## ट्रेनों में उमड़ी भीड़



पीजीटी परीक्षा की वजह बरेली जंक्शन पर ट्रेनों में यात्रियों की भीड़ दिखी। सीट को लेकर आपाधापी रही। ● अमृत विचार

# पीजीटी में इतिहास के सवालों में उलझे अभ्यर्थी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- अभ्यर्थी बोले- पहली बार आया इतना कठिन प्रश्नपत्र



बरेली कॉलेज में परीक्षा देकर बाहर आते अभ्यर्थी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग की ओर से शनिवार को जिले में प्रवक्ता (पीजीटी) परीक्षा 2022 का आयोजन हुआ। इतिहास समेत कई विषयों के सवाल हल करने में अभ्यर्थियों को ज्यादा समय लगा।

परीक्षार्थी अनिल चौधरी, विक्की खान, कृपाशंकर निरंकारी और सिंहासन सिद्दू ने बताया कि इतिहास विषय की दो घंटे की परीक्षा में कुल 120 प्रश्न पूछे गए। प्रश्न काफी घुमावदार थे और इतिहास की गहरी समझ रखने वाले अभ्यर्थी ही इन सवालों का जवाब दे सकते थे। ऐसे में प्रश्नपत्र हल करने के लिए मिला वक्त काफी कम लगा। पहली पाली में सुबह 9:30 से 11:30 बजे तक 278 केंद्रों पर भौतिक विज्ञान, जीव विज्ञान, गृह विज्ञान, इतिहास व शिक्षाशास्त्र और दूसरी द्वितीय पाली में अपराह्न 2:30 बजे से 4:30 बजे तक 269 केंद्रों पर अंग्रेजी, कृषि, वाणिज्य व समाजशास्त्र विषय की परीक्षा आयोजित की गई। रविवार को प्रथम पाली में नागरिक शास्त्र, गणित, अर्थशास्त्र, संस्कृत व मनोविज्ञान और दूसरी पाली में रसायन विज्ञान, भूगोल, हिंदी व कला विषय की परीक्षा होगी। अभ्यर्थियों का कहना है कि पूर्व की परीक्षाओं में तथ्यात्मक प्रश्न अधिक होते थे और उनका विकल्प चुनने में दिक्कत नहीं होती थी, लेकिन इस बार प्रश्न पत्र काफी कठिन आया। एआई एकीकृत नियंत्रण कमांड कक्ष से सभी परीक्षा केंद्रों की निगरानी की गई।

## विद्यालय में तिथि भोजन का हुआ आयोजन

**बरेली, अमृत विचार :** उच्च प्राथमिक विद्यालय बारी नगला में ग्राम प्रधान शिव कुमार पटेल एवं धर्मेंद्र पटेल के प्रयास से शनिवार को तिथि भोजन का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों को मिष्ठान युक्त स्वादिष्ट भोजन परोसा गया। प्रधानाध्यापक डॉ. विनोद कुमार शर्मा के नेतृत्व में हर माह एक दिन तिथि भोजन कराने की इस परंपरा को नियमित रूप से अपनाने का संकल्प लिया है। पिछले साल स्कूल में छात्रों की संख्या 127 थी, अब 140 के पार पहुंच गई है। नवनीत यादव, प्रीति शर्मा, आशा राणा, परितोष पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

## सिटी डायरी

### बच्चों ने मां के प्रति प्रेम व सम्मान को व्यक्त किया




**बरेली, अमृत विचार :** लायंस विद्या मंदिर में शनिवार को मातृ दिवस के उपलक्ष्य में विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बच्चों की माताओं को सम्मानित किया गया। छात्र-छात्राओं ने नृत्य, गीत एवं अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से मां के प्रति अपने प्रेम और सम्मान को अभिव्यक्त किया। आकाश अग्रवाल, साधना अग्रवाल, विद्यालय के मैनेजर सतीश अग्रवाल, मानवी जौहरी विशेष रूप से मौजूद रहीं। अतिथियों ने बच्चों की प्रतिभा और उत्साह की सराहना करते हुए विद्यालय के प्रयासों की प्रशंसा की। प्रधानाचार्य वैशाली जौहरी ने अतिथियों एवं माताओं का आभार व्यक्त किया।

### बच्चों ने नृत्य और गायन की दी मनमोहक प्रस्तुति




**बरेली, अमृत विचार :** फरीदपुर रोड स्थित श्री विष्णु इंटरनेशनल स्कूल में मदर्स डे मनाया गया। कार्यक्रम में प्री-नर्सरी से यूकेजी तक के बच्चों की माताओं ने भाग लिया। बच्चों ने मनमोहक नृत्य और गायन से समा बांध दिया। विद्यार्थियों ने आर्ट एंड क्राफ्ट प्रतियोगिता में अपनी रचनात्मकता दिखाई। माताओं के लिए आयोजित विशेष खेलों के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। प्रबंधक प्रेम शंकर अग्रवाल, सचिव सुधीर अग्रवाल ने बच्चों के सर्वांगीण विकास पर जोर दिया। प्रिंसिपल इं. धीरज अग्रवाल, प्रीति यादव, अनुरक्ति, पूजा, संध्या, अनम, नीरज कुमारी, संध्या, ज्योति, इरम, रानी, मनु, पीयूष, शिवम आदि मौजूद रहे।

### श्रेया मिस व अविरल मिस्टर फेयरवेल चुने गए




**बरेली, अमृत विचार :** एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय के विधि विभाग में शनिवार को एलएलएम साइबर लॉ चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं के लिए जूनियर विद्यार्थियों की तरफ से फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ विभागाध्यक्ष डॉ अमित सिंह ने किया। द्वितीय और चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से समा बांध दिया। अंकुर, प्रफुल्ल, आयुष और अविरल गुप्ता ने गीत प्रस्तुत किए, जबकि भरत और अविरल ने कविता पाठ व बांसुरी वादन से सभी का ध्यान आकर्षित किया। प्रतियोगिताओं के आधार पर श्रेया कोहरवाल को मिस और अविरल गुप्ता को मिस्टर फेयरवेल चुना गया। निशात और अंकुर रनरअप रहे। संचालन मानसी तिवारी और अंकुश ने किया। कोर्स कोऑर्डिनेटर अमित कुमार सिंह, शिवी गौर, निशांत, आयुष सिंह, आयुष शुक्ला, नेहा, मोनी यादव आदि मौजूद रहे।

# रजिस्टर में वास्तविक संख्या से अधिक बच्चों की उपस्थिति मिली

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बीएसए ने पूर्व माध्यमिक विद्यालय जोखनपुर का निरीक्षण किया

**अमृत विचार :** बीएसए ने दमखोदा विकासखंड स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय जोखनपुर का निरीक्षण किया। इस दौरान गंभीर अनियमितताएं सामने आईं।

प्रधानाध्यापक तपन सिंह मौर्य उपस्थित मिले, जबकि अनुदेशक विजय पाल विलंब से पहुंचे। ग्रामीणों ने शिकायत करते हुए कहा कि विद्यालय अक्सर देर से खुलता है। शिक्षक समय से नहीं आते। वहीं सहायक अध्यापक सुनीता सिंह और शगुफ्ता फिरोज अनुपस्थित मिलीं। बीएसए डॉ. विनीता के विद्यालय पहुंचने पर प्रार्थना सभा भी देरी से हुई और कक्षाओं में कोई शिक्षक मौजूद नहीं मिला। एमडीएम पंजिका उपलब्ध नहीं थी। छात्र उपस्थिति रजिस्टर में वास्तविक संख्या से अधिक बच्चों की उपस्थिति दर्ज मिली, जबकि मौके पर केवल 45 छात्र उपस्थित थे।

**उपलब्धि** देशभर के 26 राज्य विश्वविद्यालयों में रुविवि भी शामिल

# कौशल विकास को मिलेगी रफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 व पीएम-उषा योजना के तहत बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। देशभर के करीब 80 राज्य विश्वविद्यालयों में से केवल 26 संस्थानों का चयन तकनीकी नवाचार, उद्योगोन्मुख कौशल विकास और उभरती प्रौद्योगिकियों को बढ़ावा देने के लिए किया गया है। जिसमें रुविवि भी शामिल है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने इसे इस योजना के तहत विश्वविद्यालय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, , स्टार्टअप इन्क्यूबेशन और फ्यूचरिस्टिक स्किल डेवलपमेंट जैसे अत्याधुनिक कार्यक्रम संचालित किए जाएंगे।

### लैब टू इंडस्ट्री मॉडल से जुड़ेगा युवा

कुलपति प्रो. केपी सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति का उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल पारंपरिक शिक्षा तक सीमित न रखकर उन्हें तकनीकी रूप से दक्ष और वैश्विक प्रतिस्पर्धा के अनुरूप तैयार करना है। उन्होंने कहा कि यह पहल छात्रों को 'लैब टू इंडस्ट्री' मॉडल से जोड़ते हुए आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में भागीदार बनाएगी। विश्वविद्यालय प्रशासन ने कार्यक्रमों के संचालन के लिए प्रो. एसएस बेदी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। वहीं, विभिन्न तकनीकी कार्यक्रमों के लिए प्रो. मनीष राय, प्रो. यतेंद्र कुमार, प्रो. राजेश, डॉ. ब्रजेश कुमार व डॉ. इंद्रप्रति कौर को समन्वयक बनाया गया है।